## एक नजर में

### न्यायोत्सव : विधिक सेवा सप्ताह समापन पर वाहन रैली




**बुरहानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली मवप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशान्सार दिनांक 09 से 14 नवंबर तक न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह मनाया गया। न्यायोत्सव का शुभारंभ दिनांक 09 नवंबर से प्रांर्भ किया गया। न्यायोत्सव: सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे मैराथन दौडए योजनाओं की प्रदर्शनीय कार्यक्रम, नुक्कड नाटक, विधिक जागरूकता कार्यक्रम, विभिन्न विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिताएँ आदि गतिविधियां आयोजित की गई। न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह का समापन प्राधिकरण द्वारा वाहन रैली निकालकर किया गया। रैली का प्रांरभ आशिता श्रीवास्तव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा हरी झंडी दिखाकार किया गया। वाहन रैली का प्रांरभ जिला न्यायालय परिसर से होते हुये शनवारा चौराहे से वापिस जिला न्यायालय में समापन किया गया। उक्त वाहन रैली में समस्त न्यायाधीशगण, प्रेमदीप सांकला सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सत्यनारायण वाघ अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, बुरहानपुर, लीगल एड डिफेंस काउसिल पदाधिकारीगण, पैनल लायर्स एवं अधिवक्तागण, मोहन सोनी प्राचार्य सेवा सदन विधि महाविद्यालय, पैरालीगल वालेटियर्स एवं न्यायालयीन अधिकारी/कर्मचारीगण, उपस्थित रहें।

### डॉ . मनोज अग्रवाल के पिताश्री का निधन आज अंतिम यात्रा



**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी चिकितसा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एंव रेडक्रास सोसायटी के संचालक डॉ. मनोज अग्रवाल एवं मुकेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल के पिताश्री ओमप्रकाश अग्रवाल, हरियाणा टेक्सटाइल वालो का शुक्रवार को प्रात: 8.00 बजे हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल दिनांक 15.11.2025 शनिवार प्रात: 10.00 बजे हमारे निवास डॉ अशोक शाह के दवाखाने के बाजू म, राजपुरा बुरहानुपर से प्रारंभ होकर सतीयारा घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### ईंच्छापुर में डीपी खराब होने से बल्ब ,लाईट, टिव्ही, फ्रिज, कम्प्यूटर जले



**इच्छापूर।** ग्राम इच्छापुर में विद्युत मंडल की घोर लापरवाही के कारण चौक बाजार ईच्छापूर की डीपी स्टॉन्सफॉरमर का फेस फेल होने पर ग्राम के घरो के बल्ब, लाईर, टिव्ही, फ्रिज, कम्प्युटर जल गए । घरो के लाईर फटा.फट फूटने की यह घटना रात दो बजे के आस पास हुई। लाखो रुपयों का नुकासान झेलना पड़ा है। डी. पी. चौक बाजार में लगी है। कई बार डीपी से कभी केबल जलने की शिकायत होतीआ रही है। लेकीन अभितक भी इसका सुधार नही हो हो सका है। स्थानिय निवासीयो में गहरा रोष व्याप्त हो रहा है। विभाग इस ओर ध्यान देने की पहल करे।

### 1 लाख रूपये से अधिक की अवैध मदिरा जब्त एवं 10 प्रकरण कायम



**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभाग द्वारा कार्यवाही कर मौके पर ही सैंपल लेकर नष्ट किये जा रहे है एवं प्रकरण कायम कर विवेचना में लिये जा रहे है। जिला आबकारी अधिकारी पार्थ सारथी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया किए गत दो दिवसों में दक्षिण वृतए खकनार क्षेत्र एवं वृत्त उत्तर के बहादरपुर एवं लोनी ग्रामों में दबिश दी गयी। कार्रवाई के दौरान 80 लीटर हाथ भट्टी मदिराए 870 किलोग्राम तैयार महुआ लहान जप्त किया गया तथा 10 प्रकरण विवेचना में लिये गये। जप्त शुदा मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 1 लाख रूपये से अधिक है।

### हर्षोल्लास से आयोजित जनजातीय गौरव रथ यात्रा



**बुरहानपुर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में जनजातीय गौरव रथ यात्राएं आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को रथ यात्रा ग्राम बोदरली से आयोजित रही। इस अवसर पर नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू ने भगवान बिरसा मुण्डा के छायाचित्र पर तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया।

इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को जनजातीय गौरव रथ यात्रा के उद्देश्य एवं इतिहास के बारें में बताया। यात्रा में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत चलाए जा रहे ष्लाडो अभियानष् के तहत बाल विवाह रोकथाम के प्रति जन.जागरूकता लायी गयी। यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्रामीणों एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ सहभागिता की।

# बिहार एनडीए की जीत पर भाजपा ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न

## भाजपा बनी बिहार में सबसे बड़ी पार्टी,यह जीत सुशासन और विकास की .: चिटनिस



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर** ।बुरहानपुर जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिहार में एनडीए की विशाल जीत पर स्थानिय कमल चौराहा पर आतिशबाजी करते हुवें मिठाई बाटकर जोरदार नारेबाजी करते हुवें जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं बुरहानपुर विघायक अर्चना चिटनिस, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, नेपानगर विघायक मंजु दादु, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

पुर्व केबिनेट मंत्री एवं विघायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के सबसे बडी पार्टी के रूप में उभरने एवं एनडीए की बंपर जीत 204 सिटो के साथ पुन: सरकार बनाने की बात करते हुवें कहा कि यह जीत बिहार में सुशासन एवं विकास की जीत है। अलीनगर विधानसभा चुनाव से प्रसिद्ध गाायीका मैथिली ठाकुर कम उम्र की प्रत्याशी ने जीत हासील की है। उन्ळोने कहा कि बिहार शिक्षा एव आर्थिक प्रगती का केन्द्र कहलाता था। यहां नालंदा जैसे विश्वविख्यात गुरूकुल हुवा करते थे। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बिहार डबल इंजन के साथ तेजी से तरककी कर रहा है। यहि नही वहा महिलाए ,बेटीया एवं युवा दिन रात बैखौफ भ्रमण करते है।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने एनडीए की प्रचंड जीत दिपावली का बंपर धमाके के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रसाद नडडाजी ,गृहमंत्री अमित शाह जी एवं एनडीए के नेताओं को इसका श्रेय देते हुवें बिहार की जनता का कोटी-कोटी आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि बिहार तेजी से विकास की और बडता दिखाई दे रहा है है। यह विश्वास भाजपा के नेतृत्व में देशभर के मतदाताओं में बडा है। आपने प्रचंड जीत के लिए सभी को बधाई दी।

युवानेता समर्थ चिटनिस ने भी अपने संबोधन में बिहार चुनाव में मिली जीत को एतिहासीक बताते हुवें कहा कि यह जीत आम जनता में भाजपा के प्रति विश्वास की जीत है, यह जीत नरेन्रद मोदी जी के नेतृत्व में 2047 में विश्व की तीसरी महाशक्ति के रूप में उभरने का विश्वास पैदा करने वापाली जीत है, यह जीत बिहार में डबल इंजन की सरकार एनडीए पर जनता के विश्वास कारे प्रतिबिंबित करती है। आसने वाले समय में देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी एवं म.प्र. मुख्यमंत्री श्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व को और मजबुत करने वाली जीत है। इस दौरान नेपानगर विघायक सुश्री मंजु दादु , महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने भी अपने संबोधन में बिहार जीत को एतिहासीक जीत बताया।

उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला सह मिडिया प्रभारी राकेश पुर्वे ने देते हुवे बताया कि बिहार विजय पर आयोजीत इस समारोह में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं बुरहानपुर विघायक श्रीमती अर्चनाप चिटनिस, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, नेपानगर विघायक मंजु दादु, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल , शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी वीरेन्द्र तिवारी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी प्रदीप पाटील, महामंत्री चिंतामन महाजन, सुभानसिग चौहान, जिला उपाघ्यक्ष बलराज नावानी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष किरण रायकवार, पिछडा वर्ग अध्यक्ष सुनिल वाद्ये, अजा जिलाध्यक्ष ईश्वर चौहान, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष वैभव महाजन, पुर्व जिलाध्यक्ष दिलिपभाई श्रॉफ, युवानेता गजेन्द्र पाटील, जगदीश कपुर, कैलाश पारीख, अल्पसंख्यक नेता शाकीर साहब, नरहरी दिक्षित, चरणजीतसिह चावला, मंडल अध्यक्ष अक्षय मोरे, चिन्टु राठौर, अमोल भगत, उमा कपुर, संन्ध्या कदवाने, सावित्री बत्रा, अधिवक्ता पायल गुप्ता, मंजुला महाजन, मंगला दुबे ,रीना महाजन, भाजपा पार्षदों सहित ,भाजपा जिला पदाधिकारीगण, मंडल पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

## बिहार और अलीनगर विधानसभा में ऐतिहासिक विजय : चिटनिस



अर्चना चिटनिस ने कहा कि अलीनगर विधानसभा से एनडीए की लोकप्रिय प्रत्याशी सुश्री मैथिली ठाकुर की प्रचंड जीत ने न केवल मिथिला की जनभावनाओं को अभिव्यक्त किया हैए बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की नीतियोंए सुशासन और विकास के संकल्प को भी दोहराया है। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि यह विजय केवल प्रत्याशी की नहींए बल्कि अलीनगर की जागरूक जनता द्वारा विकास, स्थिरता और प्रगतिशील राजनीति के पक्ष में दिए गए जनादेश की जीत है। चुनाव प्रचार के दौरान जनता से प्राप्त अपार समर्थन और विश्वास ने ऐतिहासिक परिणाम का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रवासी प्रभारी के रूप में कार्य करते हुए उन्हें मिथिला की धरती पर जनता का स्नेह, सहयोग और समर्पण देखने का अवसर मिला, जिसके लिए वे हृदय की गहराई से आभार प्रकट करती हैं। उन्होंने इसे अपनी राजनीतिक यात्रा का विशेष और प्रेरणादायी अनुभव बताया। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने अलीनगर के मतदाताओं, कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित सभी एनडीए समर्थकों को इस विजय के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह जीत आने वाले समय में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निर्णायक साबित होगी। उन्होंने मिथिला की जनता का पुन: धन्यवाद देते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास, प्रेम और विकास के संकल्प की विजय है। बिहार के साथ.साथ अलीनगर ने इतिहास रचा है और हमें नई ऊर्जा दी है।

## बिहार प्रचंड जीत पर मिठाई खिलाकर दी बधाई

**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** बिहार राज्य में एनडीए की प्रचंड जीत पर भाजपा युवानेता गजेंद्र पाटील के नेतृत्व में भाजपाइयों ने नेपानगर में जश्न मनाया। बाबा साहब अंबेडकर चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े मिठाई बांटी और एक दूसरे को बधाई दी।भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने इस जीत को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और नीतियों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह नीतीश कुमार जी के सुशासन पर जनता के भरोसे और विश्वास का परिचायक है। इस चुनाव में जनता ने अराजक और गुंडागर्दी करने वाले लोगों को सिरे से नकार दिया है। यह विजय एनडीए सरकार के विकास कायो, देश की सुरक्षा, राष्ट्रवाद तथा महिलाओंए युवाओं और किसानों के सम्मान का परिणाम है। इस अवसर पर पार्टी के समस्त पदाधिकार, जनप्रतिनिधि गण, वरिष्ठजन, कार्यकर्तागण मौजूद रहे।



## महापौर ने सी सी रोड़ निर्माण कार्य का शूभारंभ

### तीन चरणों में 19 सड़कों के निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपए स्वीकृत



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल पुर्व महापौर अतुल पटेल ने अमरावती रोड से शिकारपुरा गेट तक डामरीकरण, तिलक चौराहा से सीमेंट. कांक्रीट रोड का निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह सड़क के निर्माण कार्य से नागरिकों को इस रोड़ के बनने से सुगम यातायात और साफसुथरे मार्ग मिलेगा। निगम महापौर माधुरी अतुल पटेल ने कहा निर्माण कार्य प्रारंभ करने पर अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। शहर की सडकों पर दूसरे फेस में डामरीकरण करने का कार्य शुरू हो गया है। अमरावती रोड से शिकारपुरा गेट तक डामरीकरण और तिलक चौराहा से शिकारपुरा तक सीसी रोड बनाया जा रहा हैं। जिसका लागत 1.95 करोड़ है जिसका तिलक चौराहा से कार्य का शुभारंभ हो गया है।

दूसरे फेस में अब शेष सडकों पर डामरीकरण सहित सीसी रोड बनाए जा रहे हैं। जल्द ही शहरवासियों को जर्जर सडकों और गड्ढों से मुक्ति मिल जाएगी। सडक निर्माण शुरू होने के बाद गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निगम अफसरों ने निरीक्षण किया।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल पुर्व महापौर अतुल पटेल, निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, पार्षद अजय बालापुरकर, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू , सहायक यंत्री अशोक पाटिल ,गोपाल महाजन, सुमित वारूड़े ,मोहम्मद अजहर ,साजिद चौधरी ,नदिम खान , मोहम्मद कलीम आदि उपस्थित थे।


## बाल दिवस पर स्वास्थ्य शिविर में 26 बच्चों की ओपीडी जांच की



**नवभारत न्यूज,**
**नेपानगर।** बाल दिवस के अवसर पर क्षेत्र में जगह जगह कार्यक्रम आयोजित हुए। कहीं स्वास्थ्य शिविर लगा तो कहीं शिविर लगाकर बच्चों को जागरूक किया गया। बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नेपा मिल अस्पताल में नि:शुल्क बाल रोग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल के मार्गदर्शन तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार झंझडीवाल के चिकित्सकीय निर्देशन में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में नगर, आसपास के परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 26 बच्चों की विस्तृत ओपीडी जांच की गई। कार्यक्रम जिले के प्रतिष्ठित सर्व सुविधायुक्त बहु विशेषज्ञता अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ पीयूष सूर्यवंशी ने बच्चों का परीक्षण करते हुए पोषण, विकास, बाल रोगों के लक्षण और आवश्यक सावधानियों पर महत्वपूर्ण परामर्श दिया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया शिविर में मिर्गीए अस्थमा, कुपोषण, वजन वृद्धि, वजन कमी, ऊंचाई वृद्धि, किडनी विकार, नवजात देखभाल और सामान्य बाल रोगों पर विशेषज्ञ परामर्श दिया गया। अभिभावकों ने बाल दिवस पर आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। हॉस्पिटल की नर्सिंग स्टाफ रानूए शानू और अनुराग मेहता, इमादउद्दीन क़ादरी का शिविर संचालन में विशेष योगदान रहा। नेपा लिमिटेड अस्पताल की टीम से डॉ आशीष दुबे, रेमु फ्रांसिस, कैलाश वर्मा, प्रमोद पाटिल, नारायण पार्वे, हैरिसन भंडारे, वेदांत वाघमारे और विनोद पाटिल ने व्यवस्थाओं का दायित्व संभाला और पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराया।

**नगर कांग्रेस कमेटी ने मनाया नेहरू जी का जन्मदिन:**-नगर कांग्रेस कमेटी नेपानगर व्दारा शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकार सिंह बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के कारण भारत के आधुनिक युग के निर्माण के साथ साथ हमारे नगर का भी स्वरूप अस्तित्व में आया था। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सोहन सैनी ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू एक व्यक्ति नहीं एक विचारधारा हैं एक ?सी विचारधारा जिसे युगों युगों के बाद भी मिटाया नहीं जा सकता। कार्यकारी जिलाध्यक्ष जगमीत सिंह जॉली ने नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटिल से नगर में नगर पालिका की ओर से जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल, विजेयता चौहान, पार्षद प्रदीप मिसाल, जीतू पाटिल, अम्बादास सोनवणे, विनोद पाल, कैलाश पटेल, राजेश पटेल, सुनिल कामले, धीरज करोसिया, अतिश पाल, दीपक गवई, सुनिल मोरे, प्रतिक बैस उपस्थित थे।

## भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर भव्य समारोह




**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के समापन अवसर पर 15 नवंबर को बुरहानपुर जिले में भी जनजातीय गौरव दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। जनजातीय परंपराओं के संरक्षण और उनके इतिहास से नई पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला स्तरीय मुख्य समारोह बुरहानपुर स्टेडियम में गुरुवार को दोपहर 12 बजे से शुरू होगा, जिसमें विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और राज्यपाल मंगूभाई पटेल के संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा इस हेतु विशेष स्क्रीन और तकनीकी व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय और शहरवासी कार्यक्रम से सीधे जुड़ सकें। कार्यक्रम स्थल पर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों, परंपराओं, जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत पर केंद्रित प्रदर्शनियाँ भी लगाई जाएँगी। इन प्रदर्शनियों में बिरसा मुंडा सहित विभिन्न जनजातीय नायकों के योगदान, बलिदान और प्रेरणादायी प्रसंगों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। जनजातीय नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

## विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था द्वारा रक्तदान शिविर



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था की संस्थापिका प्रमिला कैलाश शर्मा जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आज विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती गौरी दिनेश शर्मा, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष डॉ अनुपमा दीक्षित, मंजूषा केलकर द्वारा बुरहानपुर गवर्नमेंट हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था ।

जिसमें विप्र नारी शक्ति सेवा संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती गौरी दिनेश शर्मा एवं सभी बुरहानपुर विप्र नारी की पदाधिकारियों द्वारा बढ़.चढ़कर रक्तदान महादान में हिस्सा लिया गया।

रक्तदान शिविर में विशेष याने जागरूक विप्र समाज की बाईस से अधिक महिलाओं ने रक्तदान किया कई महिलाओं ने पहली बार रक्तदान किया और बोहोत सुखद अनुभव व्यक्त किए और आज बुरहानपुर की बहनों के साथ रक्तदान में शाहपुर अध्यक्ष बहन साधना तिवारी और एक बहन रेवर से पंचशीला लाटे आई और प्रथम बार रक्त दान किया एवं संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरी शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी पायल अवस्थी, बुरहानपुर अध्यक्ष आशा तिवारी, आशा डोंगरे, श्रुति सिंग, निशा तिवारी, नूतन दुबे, पुष्पा चौबे, अमिता शुक्ला, वीणा सांगलीकर, सिमा चौबे, प्राणोती सोनी, निंजा सेठिया ,ममता मिश्रा, श्रुति मिश्रा, कविता तिवारी, विभा तिवारी, काजल कुशवाह, रेखा शर्मा, रितु उपाध्याय, सुनीता शर्मा, नीतू सोमैया, अंजली वर्मा, सविता चौहान आदि उपथित थे और रक्तदान किया डॉक्टर साहब और हॉस्पिटल प्रबंधन का सम्पूर्ण सहयोग के लिए उनका धन्यवाद।

## एक नजर

### युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति देश के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय

## विहिप एवं बजरंग दल की रन फॉर हेल्थ , स्वस्थ रहो,नशा छोड़ों की गूंज




**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल ब्रह्मपुर के तत्त्वावधान में गणेश विद्यालय में रन फॉर हेल्थ _ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पुलिस अधिक्षक देवेंद्र जी पाटीदार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने गांधी चौक से दौड़ का शुभारम्भ किया। जिसके साथ ही स्वस्थ रहो, नशा छोड़ो के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। इस दौड़ में सैकड़ों युवाओं, छात्रों और बजरंगदल विभाग अधिकारी सहित कार्यकर्ता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य, फिटनेस और नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना था।

पुलिस कप्तान देवेन्द्र पाटीदार ने अपने संबोधन में कहा कि आज युवाओं के बीच तेजी से बढ़ती नशे की प्रवृत्ति देश के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। बजरंग दल आने वाले दिनों में देशव्यापी नशा मुक्ति अभियान चलाएगा ,ताकि समाज से इस बुराई को जड़ से समाप्त किया जा सके।



उपरोक्त जानकारी देते हुवे दिनेश राठौड़ प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कि कार्यक्रम में मंच पुलिस अधिक्षक पाटीदार, विभाग मंत्री निलेश महाजन ,जिला उपाध्यक्ष संतोष पंडित , जिला मंत्री युवराज पाटिल ,जिला सयोजक सुनील गांठे एवं अतिथि द्वारा सर्व प्रथम भारत माता , श्री रामजी की चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिला सहसंयोजक रवि सालुंके, मनोज, दिनेश ,हर्षल द्वारा अथिति का का दुपट्टा पहना कर स्वागत कियाए। जिसमें उपस्थित विभाग सह मंत्री अजय जी चन्द्रे , विभाग विशेष प्रमुख योगेश्वर जी चौधरी, विभाग सेवा प्रमुख राजेंद्र जी पाल , जिला उपाध्यक्ष विलास जी बड़े ,जिला उपाध्यक्ष किशोर उपाध्यक्ष व समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारयों उपस्थित थे। जिन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ताओं व संयोजक ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग संयोजक आदित्या जी मेहता ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख कार्यकर्ता एवं नगरवासी शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई और सभी ने समाज में नशा मुक्त का संकल्प दिलाया।